कार्यालय प्रभारी गैराज, नगर निगम,सहारनपुर।

पत्रांकः 27 /निविदा/गै०स्टो०/न०नि०सहा०/2020-21 दिनांकः 22/12/2020

-:: अति अल्पकालीक निविदा सूचना ::-

नगर निगम सहारनपुर में कार्यरत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दी जाने वाली वर्दी हेतु दरें निर्धारित करने के लिये निविदा उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, यूपिका, उ0प्र0 खादी एवं ग्रमोउघोग बोर्ड के माध्यम से उनके द्वारा वित पोषित एवं प्रमाणित संस्थाओं से शर्तो के आधार पर दिनांक 24.12.2020 से दिनांक 30.12.2020 अपरान्हः 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्वास्थ्य अनुभाग के गैराज स्टोर से टैण्डर मूल्य जमा कर दिनांक 30.12.2020 को अपरान्हः 02:00 बजे तक क्रय कर सकते है। निविदा के साथ आवश्यक अभिलेख के साथ अंकन 75,000/- रु0 जमानत राशि की एफ.डी.आर. जो लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बंधक करा कर शर्तो में वर्णित समस्त प्रमाण पत्रो की छायाप्रति सहित स्वंय प्रमाणित कर दिनांक 30.12.2020 को सायः 03:00 बजे तक गैराज स्टोर कार्यालय, नगर निगम सहारनपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल सकते है। दिनांक 30.12.2020 को अपरान्हः 04:00 बजे टेण्डर बॉक्स को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्त नगर निगम गैराज स्टोर में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित है। निविदा सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:-

क्र.	पत्रावली सं0	कार्य का नाम	आपूर्ति की जाने वाली सामग्री	शासनादेश के अनुसार निर्धारित प्रति अदद दर	कुल संख्या	कुल धनराशि (रुपये में)	निविदा मूल्य (जी.एस.टी सहित)	आपूर्ति अवधि
1	GS-15	पुरुष गर्म वर्दी व महिला गर्म वर्दी तैयार सैट कुल 562 अदद वर्दीयों की आपूर्ति	पुरुष हेतु गर्म ट्रैकसूट	1310/- रुपये	373	488630.00	700 + 18%GST = 826/-	15 दिवस
			महिला हेतु गर्म सलवार सूट एवं गर्म शॉल	1310/- रुपये	189	247590.00		
				योग	562	736220.00		

(हस्ताक्षर) 22/12/20
प्रभारी गैराज
नगर निगम, सहारनपुर

(हस्ताक्षर)
नगर स्वा0 अधि0
नगर निगम,सहारनपुर

पत्रांक एंव दिनांक तदैव।
प्रतिलिपि -

1. माननीय महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
4. आई.टी.ओ., नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **saharanpurnagarnigam.in** पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रबन्धक दैनिक ....अमर उजाला.....एंव दैनिक ....अमर भारती....... समाचार पत्र को इस आश्य से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रकाशित कर, बिल 3 प्रतियो सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. गार्ड फाईल हेतु।

(हस्ताक्षर) 22/12/20
प्रभारी गैराज
नगर निगम, सहारनपुर

(हस्ताक्षर)
नगर स्वा0 अधि0
नगर निगम,सहारनपुर

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दी जाने वाली वर्दी हेतु दरें निर्धारित करने की निविदा सम्बन्धित शर्तेः-

1. फर्म के पेन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं वित पोषित एवं प्रमाणित संस्थाओं को प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदा डालते समय निविदा की धरोहर राशि रुपया 75,000/- (रुपया पिच्हत्तर हजार) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा कम्पनी के खाते से लेखाधिकारी, नगर निगम सहारनपुर के पक्ष मे बना होना अनिवार्य है। जो गैराज स्टोर में रखे टैण्डर बॉक्स में निविदा तिथि को सांय 03:00 बजे तक डालना होगा। बिना निविदा शुल्क/धरोहर राशि की निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
3. निविदा के साथ सैम्पल भी देने होगें, सैम्पल संतोषजनक होने के बाद ही आपूर्ति ली जायेगी।
4. वर्दी की आपूर्ति कर्मचारीयों के साईज के अनुसार ली जायेगी।
5. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय नगर आयुक्त महोदय का होगा, जो कि दोनों पक्षों को मान्य होगा।
6. नगर आयुक्त महोदय का जनहित एवं निगमहित में किसी भी समय किसी भी शर्त को संशोधित करने अथवा नई शर्त आरोपित करने का अधिकार होगा।
7. यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को अवकाश रहता है। तो निविदा को अगले कार्यशील दिवस में खोला जाएगा।
8. सर्दी की ऋतु प्रांरभ हो चुकी है। ऐसी दशा में कार्य कराये जाने की अवधि को 15 दिन से अधिक बढया जाना संभव नही होगा।
9. अन्य सम्बधित जानकारी, गैराज स्टोर, नगर निगम सहारनपुर में किसी भी कार्यशील दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी गैराज 22/12/20 — नगर स्वास्थ्य अधिकारी